शिक्षा निदेशालय ,राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली
अभ्यास प्रश्न पत्र **(2023-24)**
कक्षा-**12**
विषय **:** इतिहास

अवधि **: 3** घंटे　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　पूर्णांक-**80**

---

सामान्य निर्देश:

• प्रश्न पत्र में पांच खंड होते हैं- अ,ब,स,द और य।कुल 34 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के सामने अंक दिए गए हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
• खंड अ: प्रश्न संख्या 1 से 21 प्रत्येक के 1 अंक के बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।
• खंड ब: प्रश्न संख्या 22 से 27 लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनमें से प्रत्येक में 3 अंक हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 60-80 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
• खंड स: प्रश्न संख्या 28 से 30 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनमें से प्रत्येक के 8 अंक हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 300-350 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
• खंड द: प्रश्न संख्या 31 से 33 स्रोत-आधारित प्रश्न हैं जिनमें 3 उप प्रश्न हैं और प्रत्येक के 4 अंक हैं।
• खंड य: प्रश्न संख्या 34 एक मानचित्र आधारित प्रश्न है, जिसमें 5 अंक हैं जिसमें महत्वपूर्ण स्थलों की पहचान और चिन्हांकन शामिल है। मानचित्र को उत्तर पुस्तिका के साथ संलग्न करें।
• प्रश्न पत्र में कोई खुला विकल्प नहीं है। हालांकि कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिया गया है। ऐसे प्रश्नों में से केवल एक विकल्प को हल करना है।
• इसके अलावा, जहां भी आवश्यक है ,प्रत्येक अनुभाग और प्रश्नों के साथ अलग-अलग निर्देश दिए गए हैं।

## खंड – अ **(** बहुविकल्पीय प्रश्न **)**

1. अधिकांश महाजनपदों पर राजाओं का शासन होता था लेकिन गण और संघ के नाम से प्रसिद्ध राज्यों में कई लोगों का समूह शासन करता था, इस समूह का प्रत्येक व्यक्ति ........ कहलाता था |
ए) विक्रमादित्य　　बी) राजा　　सी) चक्रवर्ती　　डी) सम्राट

2. मौर्य साम्राज्य में प्रमुख राजनीतिक केंद्र थे?
ए) तक्षशिला और स्वर्णगिरी　　बी) तोसिली और पाटलिपुत्र　सी) उज्जैनी / उज्जैन　　डी) उपरोक्त सभी

3.  हड़प्पा सभ्यता के सम्बन्ध में कौन सा कथन सत्य है?
ए) हड़प्पा सभ्यता के शहरों की एक प्रमुख विशेषता इसकी गलियां थी |
बी) लोथल एक गोदीवाड़ा था |
सी) सोना एक महँगी धातु थी
डी) शिल्पों का आकार एक ही प्रकार का था |

**4.** महाभारत के आलोचनात्मक संस्करण को तैयार करने की विधि के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है?
a) प्रत्येक संस्कृत पांडुलिपि के श्लोकों का संग्रह और तुलना
b) कई संस्करणों के सामान्य श्लोकों का चयन
c) सामान्य श्लोकों का 13000 से अधिक पृष्ठों में फैले अनेक ग्रन्थ खण्डों में प्रकाशन
d) इस परियोजना को पूरा होने में 17 वर्ष से अधिक का समय लगा

5. दिए गए चित्र को पहचानिए और बताइए कि यह क्या है?

DoE, Delhi



ए) राजगीर की किलेबंदी
बी) अरावली की पहाड़ियां
सी) विजयनगर की किलेबंदी
डी) राजमहल की पहाड़ियां

उपरोक्त प्रश्न *5* के स्थान पर निम्न प्रश्न <u>दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए</u> है |

5. वेल्लार कौन थे ?
ए) व्यापारी बी) दास सी) बड़े भूस्वामी डी) छोटे किसान

6.बुद्ध को एक ऐसा मनुष्य के रूप में माना जाता था, जिसने निर्वाण प्राप्त किया था,लेकिन धीरे धीरे उनके बारे में कौन सा विचार उभरा?
ए) भगवान का विचार बी) उद्धारकर्ता का विचार सी) एक संत का विचार डी) तीर्थंकर का विचार

7. निम्न में से कौन सी संरचना को पेस द्वारा 'विजय का भवन' कहा गया है?
i) सभा मंडप
ii) महानवमी डिब्बा
iii) कमल महल
ए) i और ii
बी) i और iii
सी) ii और iii
डी) उपरोक्त सभी

8. ............ का त्यौहार महानवमी डिब्बा पर मनाया जाता था?
ए) दीपावली बी) जन्माष्टमी सी) नवरात्रि डी) होली

9.निम्नलिखित में से कौन स्त्री भक्त थी?
ए) अंडाल
बी) अप्पार
सी) संबंदर
डी) करिक्काल अम्मैयार
a) i, ii
b)ii,iii
c)iii,iv
d)iv,i

10.कथन (A): कुछ मुहरों पर 'आद्य शिव' को योगी की मुद्रा में दिखाया गया है
कारण (R): आद्य शिव का विवरण ऋग्वेद के 'रूद्र' से मेल खाता है
ए) A और R दोनों सही हैं, और R, A की सही व्याख्या है।
बी)A और R दोनों सही हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
सी)A गलत है, लेकिन R सही है|
डी) R गलत है, लेकिन A सही है|

11. मध्य एशिया के रास्ते होते हुए इब्न बतूता 1333 में स्थल मार्ग से सिंध पंहुचा| उसने दिल्ली के सुल्तान ............ के बारे में सुना था |
ए) अल्लाउद्दीन खिलजी बी) मोहम्मद बिन तुग़लक सी) अकबर डी) औरंगजेब

DoE, Delhi

12) निम्न में से कौन सा सही सुमेलित है ?

| | | |
|---|---|---|
| ए)बंगाल आर्मी की पौधशाला | : | कलकत्ता |
| बी) विलय नीति | : | लार्ड वेलेज्ली |
| सी) सहायक संधि | : | डलहौजी |
| डी) बेग़म हज़रत महल | : | अवध |

13) कथन (A): पांचवी रिपोर्ट एक ऐसी रिपोर्ट है जो प्रवर समिति द्वारा तैयार की गयी थी |
कारण (R): यह एक वस्तृत रिपोर्ट है जो 1813 में ब्रिटिश संसद में पेश की गयी थी |
ए) A और R दोनों सही हैं, और R, A की सही व्याख्या है।
बी) A और R दोनों सही हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
सी) A गलत है, लेकिन R सही है|
डी) R गलत है, लेकिन A सही है|

14. पहाड़िया आदिवासियों के बारे में क्या सही है ?
i)वे अरावली की पहाड़ियों के इर्द-गिर्द रहा करते थे।
ii) वे जंगल की उपज से अपनी गुजर-बसर करते थे और झूम खेती करते थे।
iii) वे जंगल के छोटे से हिस्से में झाड़ियों को काटकर घास-फूस जलाकर जमीन साफ कर लेते थे.
iv) और इस जमीन पर यह पहाड़ियां लोग बड़े पैमाने पर धान गेहूं तरह-तरह की सब्जियां उगा लेते थे।
ए)i और ii
बी) iii और iv
सी) ii और iii
डी) उपरोक्त सभी

15. मद्यकालीन भारत में जींस-ए-कामिल से तात्पर्य था –
ए) जींस वस्त्र
बी) सर्वोत्तम भूमि
सी) सर्वोत्कृष्ट सैनिक
डी) सर्वोत्तम फसलें

16. निम्न लिखित में से कौन आइन-ए-अकबरी का एक भाग नहीं है?
ए) सिपाह आबादी
बी) मुल्क आबादी
सी) बादशाह आबादी
डी) मंजिल आबादी

17. बंगाल के जोतेदारों को क्या कहा जाता था ?
ए) हवालदार
बी) जमींदार
सी) सूबेदार
डी) कोतवाल

18. पूर्ण स्वराज की मांग कब की गयी थी?
ए) 1906 में मुस्लिम लीग द्वारा
बी) 1940 में कांग्रेस द्वारा
सी) 1929 में कांग्रेस के अधिवेशन में
डी) 1946 कैबिनेट मिसन द्वारा

19. निम्न में से क्या सुमेलित नहीं है ?
ए) नाना साहेब : कानपुर
बी) तात्याटोपे : ग्वालियर
सी) शाहमल : बड़ौत परगना
डी) आदिवासी गोनू : गुवाहाटी

20. संविधान सभा में किसने अल्पसंख्यक शब्द की व्याख्या आर्थिक स्तर पर किए जाने काआहवान किया?
ए) बी.आर.आंबेडकर
बी) एन.जी.रंगा
सी) जी.बी.पन्त
डी) आर.वी.धुलेकर

21. संविधान सभा द्वारा कितने वर्षों तक अंग्रेजी में सरकारी कामों को जारी रखने का प्रावधान किया गया था?
ए) 15 वर्ष
बी) 25 वर्ष
सी) 50 वर्ष
डी) हमेशा के लिए

DoE, Delhi

## खंड – ब ( लघु उत्तरीय प्रश्न )

22. क्या आप सहमत है कि हड़प्पा सभ्यता की जल निकास प्रणाली, नगर योजना का संकेत करती है? अपने उत्तर के समर्थन में तर्क दीजिये.

अथवा

अभिलेखों से साक्ष्य एकत्रित करने में अभिलेखशस्त्रियों को किन समस्याओं का सामना करना पड़ता है ? 3

23. जैन धर्म की प्रमुख शिक्षाओं पर प्रकाश डालिए । 3

24. “किताब उल हिन्द” पर टिप्पणी लिखो| 3

25. भक्ति आन्दोलन के उदय के प्रमुख कारण क्या थे? 3

26. विद्रोहियों ने एकता स्थापित करने के लिए क्या प्रयास किए? 3

27. अवध में विद्रोह का स्वरुप व्यापक क्यों था? कोई तीन कारण दीजिये? 3

अथवा

सहायक संधि के मुख्य प्रावधान क्या थे? व्याख्या कीजिये।

## Part – C (Long Answer type Questions)

28.स्तूप की संरचना का वर्णन कीजिए| अमरावती के स्तूप की नियति साँची से किस प्रकार भिन्न थी? **(8)**

**OR**

वर्णन कीजिए कि किस प्रकार पुराणिक हिन्दू धर्म के विचारों का विकास एक अलग ढंग से इसी परम्परा के अंतर्गत हुआ

29.उन तरीकों की व्याख्या कीजिए, जिसके द्वारा पंचायत और ग्राम प्रधान ने ग्रामीण समाज को नियमित किए। **(8)**

**OR**

हम मुग़ल काल के ग्रामीण समाज के बारे में कैसे जानते हैं? इस काल में किसानों के द्वारा कौन कौन सी तकनीक का प्रयोग किया जाता था ? वर्णन कीजिये |

30. 1917 से 1922 के बीच एक जन नेता के रूप में गाँधी जी की भूमिका का वर्णन करिए | **(8)**

**OR**

भारत छोडो आन्दोलन का एक जन आन्दोलन के रूप में वर्णन कीजिये|भारत के स्वतंत्रता संघर्ष के इतिहास में इसका महत्व भी बताइए |

## खंड –द( स्रोत आधारित प्रश्न )

**31.**

DoE, Delhi

### महल के बाहर की दुनिया

जैसे बुद्ध के उपदेशों को उनके शिष्यों ने संकलित किया वैसे ही महावीर के शिष्यों ने किया। अक्सर ये उपदेश कहानियों के रूप में प्रस्तुत किए जाते थे जो आम लोगों को आकर्षित करते थे। यह उदाहरण *उत्तराध्ययन* सूत्र नामक एक ग्रंथ से लिया गया है। इसमें कमलावती नामक एक महारानी अपने पति को संन्यास लेने के लिए समझा रही है :

अगर संपूर्ण विश्व और वहाँ के सभी खज़ाने तुम्हारे हो जाएँ तब भी तुम्हें संतोष नहीं होगा, न ही यह सारा कुछ तुम्हें बचा पाएगा। हे राजन्! जब तुम्हारी मृत्यु होगी और जब सारा धन पीछे छूट जाएगा तब सिर्फ धर्म ही, और कुछ भी नहीं, तुम्हारी रक्षा करेगा। जैसे एक चिड़िया पिंजरे से नफ़रत करती है वैसे ही मैं इस संसार से नफ़रत करती हूँ। मैं बाल-बच्चे को जन्म न देकर निष्काम भाव से, बिना लाभ की कामना से और बिना द्वेष के एक साध्वी की तरह जीवन बिताऊँगी...

जिन लोगों ने सुख का उपभोग करके उसे त्याग दिया है, वायु की तरह भ्रमण करते हैं, जहाँ मन करे स्वतंत्र उड़ते हुए पक्षियों की तरह जाते हैं...

इस विशाल राज्य का परित्याग करो... इंद्रिय सुखों से नाता तोड़ो, निष्काम अपरिग्रही बनो, तत्पश्चात तेजमय हो घोर तपस्या करो...

31.1 उस व्यक्ति की पहचान करें जिसने राजा को संसार त्यागने के लिए प्रेरित किया। 1
31.2 "धम्म" शब्द का क्या अर्थ है और शिष्य किसकी शिक्षाओं का पालन करता है? 2
31.3 निम्नलिखित कथन "स्वतंत्र उड़ते हुए पक्षियों की तरह ..." किस संदर्भ में महावीर के शिष्य द्वारा कहा गया था? 1

**32.** एक ईश्वर

DOE, Delhi

**एक ईश्वर**

यह रचना कबीर की मानी जाती है:

हे भाई यह बताओ, किस तरह हो सकता है
कि संसार के एक नहीं दो स्वामी हों?
किसने तुम्हें भ्रमित किया है?
ईश्वर को अनेक नामों से पुकारा जाता है: जैसे अल्लाह, राम, करीम, केशव, हरि तथा हज़रत।
विभिन्नताएँ तो केवल शब्दों में हैं जिनका आविष्कार हम स्वयं करते हैं।
कबीर कहते हैं दोनों ही भुलावे में हैं।
इनमें से कोई एक राम को प्राप्त नहीं कर सकता।
एक बकरे को मारता है और दूसरा गाय को।
वे पूरा जीवन विवादों में ही गँवा देते हैं।

प्रश्न :(i) कविता के अनुसार कौन से दोनों लोग भ्रमित हैं? 1
(ii) किस रचना में कबीर के दोहों को सम्मिलित किया गया है? 1
(iii) कबीर ने परम तत्व को किस प्रकार वर्णित किया है? 2

**33.**

DoE, Delhi

**"खंडित निष्ठा के लिए कोई जगह नहीं"**

गोविंद वल्लभ पंत ने कहा कि निष्ठावान नागरिक बनने के लिए लोगों को समुदाय और खुद को बीच में रख कर सोचने की आदत छोड़नी होगी :

लोकतंत्र की सफलता के लिए व्यक्ति को आत्मानुशासन की कला का प्रशिक्षण लेना होगा। लोकतंत्र में व्यक्ति को अपने लिए कम तथा औरों के लिए ज्यादा फिक्र करनी चाहिए। यहाँ खंडित निष्ठा के लिए कोई जगह नहीं है। सारी निष्ठाएँ केवल राज्य पर केंद्रित होनी चाहिए। यदि किसी लोकतंत्र में आप प्रतिस्पर्धी निष्ठाएँ रख देते हैं या ऐसी व्यवस्था खड़ी कर देते हैं जिसमें कोई व्यक्ति या समूह अपने अपव्यय पर अंकुश लगाने की बजाय बृहत्तर या अन्य हितों की ज़रा भी परवाह नहीं करता, तो ऐसे लोकतंत्र का डूबना निश्चित है।

i)लोकतंत्र में व्यक्ति को क्या करना चाहिए? 1
ii) खंडित निष्ठा से क्या तात्पर्य है? 1
iii) संविधान लिखते समय पृथक निर्वाचिका की मांग क्यों की गयी? 2

**खंड – य ( मानचित्र आधारित प्रश्न)**

34. a) दिए गये भारत के राजनैतिक मानचित्र पर चिन्हित/ दर्शाए गए स्थानों की पहचान किजिये और दी गयी रेखा पर उनके नाम लिखिए : (1x2)

A) जहां जलियांवाला बाग़ कांड हुआ था
B) जहाँ गौतम बुद्ध को ज्ञान प्राप्त हुआ था

b) दिए गये भारत के उक्त मानचित्र पर निम्नलिखित को दर्शाइए : (1X3)
i) 1857 के विद्रोह स्थल जहां नानासाहेब थे,
ii) वह स्थान जो विजय नगर की राजधानी था
iii) जहां भोपाल की बेगमों ने स्तूप को सुरक्षित रखा|

**नोट : प्रश्न सं. 34 के स्थान पर निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टि बाधित विद्यार्थियों के लिए है :**
i)कोई दो महाजनपद के नाम लिखिए |
ii) विजयनगर से सम्बंधित तीन नगरों के नाम लिखिए |

DoE, Delhi ©


INDIA
OUTLINE MAP WITH STATES
& UNION TERRITORIES
A
B
Map not to Scale
Copyright © 2020 www.mapsofindia.com